भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3252

जिसका उत्तर 23 मार्च, 2018 को दिया जाना है

कोयले के उत्पादन में गिरावट

3252. श्री संजय सिंहः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत 6 वर्षों से अधिक समय से कोयला उत्पादन के वास्तविक वार्षिक आंकड़ों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगातार गिरावट हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल एवं कोयला मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : पिछले छः वर्षों के दौरान लक्ष्य की तुलना में अखिल भारत कच्चे कोयले का उत्पादन एवं उसमें गिरावट का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	वार्षिक लक्ष्य	वास्तविक	संपूर्ण गिरावट
2011-12	554.00	539.95	14.05
2012-13	574.40	556.40	18.00
2013-14	604.55	565.77	38.78
2014-15	630.25	609.18	21.07
2015-16	700.00	639.23	60.77
2016-17	724.71	662.79	61.92

अखिल भारत कोयला उत्पादन में वर्ष 2013-14 में 565.77 मि.ट. से वर्ष 2016-17 में 662.79 मि.ट. तक वृद्धि हुई है। सीआईएल ने अपने उत्पादन में वर्ष 2013-14 में 462.41 मि.ट. से 2016-17 में 554.14 मि.ट. तक वृद्धि की है। सीआईएल द्वारा पिछले तीन वर्षों में वास्तविक उत्पादन में प्राप्त 91.73 मि.ट. की बढ़ोतरी को प्राप्त करने में वर्ष 2013-14 से पूर्व लगभग छः वर्ष लग गए।

(ख) : लक्ष्य प्राप्त न करने के कारण नीचे दिए गए हैं:

i) भूमि अधिग्रहण।

ii) वन अनापत्ति ।

iii) पर्यावरण अनापत्ति।

iv) पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन।

v) कानून और व्यवस्था।

vi) कोयले का निकर्षण।

*****